>

Title: Need to open post office in Surajmal Vihar, East Delhi – Laid.

श्री लाल बिहारी तिवारी (पूर्वी दिल्ली) : सभापति महोदय, मेरे संसदीय क्षेत्र पूर्वी दिल्ली के सूरजमल विहार में एक पोस्ट ऑफिस टीन की शैड में चल रहा था, जिसे डी.डी.ए ने डिमालिश कर दिया है। इसलिए यहां के रिटायर्ड लोगों को बहुत दूर जाना पड़ता है, जिससे इन्हें बहुत परेशानी हो रही है। इसके लिए डी.डी.ए ने 6000रू0 महीने किराए पर निर्मित भवन पोस्ट ऑफिस विभाग को देने का निर्णय लिया था। बाद में दस लाख रूपये में इस भवन को खरीदने का फैसला हुआ था, जिसका पोजेशन डी.डी.ए द्वारा पोस्ट ऑफिस विभाग की इस अण्डरटेकिंग परकि रिवाइज एसटीमेट के बजट में जनवरी मास में पेमेंट कर दिया जायेगा देने को तैयार है।

अतः मैं आपके माध्यम से सरकार से मांग करता हूं कि इस पोस्ट ऑफिस को शीघ्र खोला जाए क्योंकि यह लोग बहुत परेशान हैं।